सांस्कृतिक स्रोत एवं प्रशिक्षण केन्द्र
Centre for Cultural Resources and Training
(Under the aegis of Ministry of Culture, Govt. of India)

सीसीआरटी/11017/01/2022/3088
12 अगस्त, 2022

परिपत्र

विषय: स्वतंत्रता दिवस समारोह -2022

राष्ट्र हर वर्ष हर्षोउल्लास एवं जोश के साथ स्वतंत्रता दिवस मनाता है। इस वर्ष स्वतंत्रता दिवस विशेष रूप से मनाया जा रहा है। हमारे माननीय प्रधानमंत्री जी ने समस्त देशवासियों से आग्रह किया है कि वे भारतीय स्वतंत्रता दिवस की 75वीं वर्षगांठ को "हर घर तिरंगा" अभियान के रूप में मनाएं।

इस अवसर पर माननीय अध्यक्ष महोदया सीसीआरटी- डॉ० हेमलता एस. मोहन, द्वारा सीसीआरटी में पूर्वाहन 11:30 बजे ध्वजारोहण किया जाएगा। अतः समस्त सीसीआरटी स्टॉफ सदस्यों (नियमित/संविदा/बाह्य ऐजेन्सियों से कार्मिक) से आग्रह है कि वे दिनांक 15-08-2022 (स्वतंत्रता दिवस, सोमवार) को सुबह 11:15 बजे कार्यालय में उपस्थित होवें।

कोविड -19 मामलों के अचानक बढ़ने को देखते हुए, कुछ निवारक उपायों का पालन करना अनिवार्य है जैसे कि सामाजिक दूरी बनाए रखना, मास्क पहनना, सैनिटाइज़र का उपयोग आदि।

सीसीआरटी के सभी क्षेत्रीय केंद्र (हैदराबाद, उदयपुर, गुवाहाटी और दमोह) भी सीसीआरटी के फेसबुक पेज पर उपरोक्त अनुसूची के अनुसार ध्वजारोहण समारोह के फेसबुक लाइव प्रसारण में शामिल हो सकते हैं और क्षेत्रीय केंद्रों पर भी राष्ट्रीय ध्वज (तिरंगा) फहराए।

इस अवसर पर 10 सीसीआरटी छात्रवृत्तिधारकों द्वारा दिनांक 15-08-2022 पूर्वाहन 11:30 बजे 'हर घर तिरंगा' शीर्षक पर ऑनलाइन सांस्कृतिक कार्यक्रम अपने आधिकारिक फेसबुक पेज (Centre for Cultural Resources and Training) पर प्रस्तुत किया जाएगा। सीसीआरटी के समस्त सदस्यों से अनुरोध है कि वे कार्यक्रम में अपने परिवारजनों तथा मित्रों के साथ भाग लें और इसे सब्सक्राइब , शेयर तथा लाइक करें।

(ऋषि वशिष्ठ)
निदेशक

प्रतिलिपि:-

1. निजी सचिव, माननीय अध्यक्ष महोदया, सीसीआरटी दिल्ली
2. आशुलिपिक, निदेशक, सीसीआरटी, नई दिल्ली
3. सीसीआरटी के सभी अधिकारी/कर्मचारी तथा स्टॉफ सदस्य।
4. क्षेत्रीय केन्द्र (हैदराबाद, उदयपुर, गवाहाटी तथा दमोह)
5. सुचना पट्ट
6. सीसीआरटी वैबसाइट
7. गार्ड फाइल।

15ए, सेक्टर-7, द्वारका, नयी दिल्ली-110075 भारत दूरभाष: 011-25309300, 25088637
15A, Sector-7, Dwarka, New Delhi-110075 INDIA Phones : 011-25309300, 25088637
e-mail : dir.ccrt@nic.in ; director.ccrt@nic.in, website : www.ccrtindia.gov.in
इस कार्यालय में हिन्दी में प्राप्त पत्रों का स्वागत है।
इस कार्यालय में हर दिन भारतीय राष्ट्रीय भाषाओं का दिन है।